कक्षा -तीसरी

अपठित गद्यांश

प्रश्न:- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :--

नारियल बहुत ही उपयोगी पेड़ है। नारियल का
पेड़ बहुत ऊचँा होता है। यह समुद्र के पास
रेतीली ज़मीन में उगता है। नारियल का पानीमीठा और स्वादिष्ट होता है। इसके पत्तों
सेचटाइयाँ और टोकरियाँ बनती हैं। नारियल के फल को श्रीफल कहते हैं।इसे पवित्र
फल माना जाता है। इसलिए यह पूजा के काम
आता है। इसे मंदिरों में चढ़ाया जाता है।

प्रश्न:- 1- नारियल का पेड़ कैसा होता है?

A- छोटा। C- मोटा

B- ऊचँा। D- सामान्य

प्रश्न :-2- नारियल कहाँ उगता है?

A- पानी में। C-रेतीली ज़मीन में

B- पहाड़ों पर D- बंज़र ज़मीन में

प्रश्न :- 3- नारियल का पानी कैसा होता है?

A- मीठा। C - कड़वा

B- खट्टा। D- गर्म

प्रश्न:-4- नारियल के फल को क्या कहते है?

A-सीता फल।　　C- राम फल

B -श्री फल।　　D -लक्ष्मण फल

प्रश्न:-5- गद्यांश में से संज्ञा शब्द छाँटिए:-

A- टोकरियाँ।　　C- यह

B- चढ़ाया।　　D- ऊचँा

प्रश्न:- 6- गद्यांश में से सर्वनाम छाँटिए:-

A- मंदिरों।　　C- इसके

B- उगता।　　D-पानी

प्रश्न :-7- गद्यांश में से क्रिया छाँटिए:-

A- नारियल।　　C-बनाई

B-पत्तों।　　D-पूजा

प्रश्न -:-8-चटाई शब्द का बहुवचन:-

A- चटाइयाँ।　　C- पेड़

B-टोकरियाँ।　　D- पत्ते

प्रश्न:-9- जल का समान अर्थ:-

A- मीठा।　　C- पानी

B-ज़मीन।　　D-फल

प्रश्न -10:- अपवित्र  का विपरीत:-

A- पवित्र।　　C- बेकार

B-उपयोगी।　　D- मेहनती